



# दतिया में मतदान आज सभी तैयारियां पूर्ण

**प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा मतदान**

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 जुलाई।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन-2026 के तहत आज 30 जुलाई 2026 गुरुवार को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े के निर्देशन में बुधवार को प्रात: 5 बजे पॉलीटेक्निक कॉलेज से 291 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री प्राप्त करने के बाद सभी मतदान दल रवाना होकर अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं।

मतदान सामग्री वितरण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े, पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के भीतर अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।







# गुरु का जीवन में उतना ही महत्व है जितना माता-पिता का : पाठक

**शहर के प्रसिद्ध मन्दिरों में मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव**

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 जुलाई।** गुरु का जीवन में उतना ही महत्व है जितना माता-पिता का माता-पिता के कारण इस संसार में हमारा अस्तित्व होता है किन्तु जन्म के बाद एक सद्गुरु ही व्यक्ति को ज्ञान और अनुशासन का महत्व सिखाता है। गुरू शब्द ऐसा है जिनका नाम लेते ही सारे संशय के अंधकार खत्म हो जाते है गुरू जो मृदंग है जिनके बजते ही अनाहद नाद सुनने शुरू हो जाते है गुरू वो ज्ञान है जिनके मिलते ही पांचो तत्वों एक हो जाते है तो पार हो जाते है गुरू वो नदी है जो निरंतर हमारे प्राणो से बहती है गुरू वों सत्चित आनंद है जो हमें हमारी पहचान देता है ऐसे मधुर वचन गुरू पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम सिरौल में गुरूपूर्णिमा अवसर पर भागवताचार्य सिद्धशरण पाठक ने भक्तजनों के बीच कही।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से शहर के प्राचीन मंदिर पीताम्बरा पीठ, रामलला असनई मंदिर, चैतन्यदास महाराज आश्रम, हनुमानगढ़ी, परशुराम मंदिर, अनामय आश्रम, चिरूईटोर वाली माता, करनसागर स्थित गुरू माता, पण्डोखर सरकार, गोदन सरकार, में गुरूओं की पूजा अर्चना शुरू हुई। भक्तगण सुबह से ही इन स्थानों पर पहुंचने शुरू हुये और उन्होंने पूजा अर्चना की। इसके बाद भण्डारे का आयोजन हुआ।

## हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की कानमंत्र दीक्षा, देर रात तक चलता रहा गुरु पूजन एवं आध्यात्मिक अनुष्ठानों का क्रम

**भांडेर।** पण्डोखर सरकार धाम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित श्री गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं कानमंत्र दीक्षा समारोह श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आस्था के अद्भुत वातावरण में संपन्न हुआ। धाम के पीठाधीश्वर परम पूज्य त्रिकालदर्शी गृहस्थ संत गुरुशरण महाराज के दिव्य सान्निध्य में आयोजित इस भव्य आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी हजारों श्रद्धालु, शिष्य एवं भक्त पहुंचे। सभी ने अपने सद्गुरुदेव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा वर्षों से प्रतीक्षित कानमंत्र दीक्षा ग्रहण कर स्वयं को धन्य माना। पण्डोखर धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं गुरुशरण महाराज के शिष्य मुकेश कुमार गुप्ता (सागर) ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रात:काल गुरुशरण महाराज ने अपने गुरुधाम बरहा पहुंचकर पूज्य हाथीवान महाराज का विशेष पूजन-अर्चन किया।

## मुंह से झाग निकलने के बाद बच्चे की मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम उमरवानी में सात वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने सर्पदंश की आशंका जताई है, लेकिन बच्चे के शरीर पर सांप के काटने का कोई स्पष्ट निशान नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम उमरवानी निवासी यश बरसे (7) मंगलवार रात भोजन करने के बाद अपनी दादी के पास सो रहा था। देर रात उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। इसी दौरान परिजनों ने घर के पास एक सांप देखा, जिससे उन्हें सर्पदंश की आशंका हुई।

## गुरुद्वारा में हुआ लंगर

**मुलताई।** नगर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संगत द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। साथ ही मार्ग से जाने वाले राहगीरों को हलुआ,चना प्रसाद भी वितरित किया। बुधवार को संगत ने सुबह 11 बजे बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारे के साथ निशान साहिब का चोला चढ़ाया।उसके उपरांत शबद कीर्तन करते हुए गुरु की आराधना की।दोपहर 12-30 बजे अरदास करने के उपरांत गुरु का लंगर प्रारंभ हुआ। लंगर में बड़ी संख्या में नागरिकों में उपस्थित होकर भोजन ग्रहण किया।

## 36 सेक्टरों पर सेक्टर अधिकारियों के साथ चिकित्सा अधिकारी भी रहेंगे तैनात

**दतिया, 29 जुलाई।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज 30 जुलाई 2026 को होने वाले मतदान के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भूपेन्द्र सिंह कुशवाह द्वारा आदेश जारी कर दतिया विधानसभा के 36 सेक्टरों पर सेक्टर अधिकारियों के साथ चिकित्सा अधिकारी भी तैनात किए गए है। दतिया विधानसभा के जिन 36 सेक्टरों पर सेक्टर अधिकारी के साथ चिकित्सा अधिकारी तैनात किए गए है।

# सनकेश्वर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सेवढ़ा, 29 जुलाई।** सनकेश्वर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, सेवढ़ा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर गुरु भक्ति और भारतीय संस्कृति के रंग में सराबोर दिखाई दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन में संस्कार, अनुशासन और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।



विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर आधारित कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया तथा विद्यार्थियों को गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता का संदेश दिया गया। समारोह में विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# प्रचार थमते ही शहर में निकला पुलिस का फ्लैग मार्च

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 जुलाई।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार शाम 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े तथा पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में पुलिस बल के जवानों ने भाग लिया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य मतदाताओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करना तथा असामाजिक तत्वों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देना रहा। फ्लैग मार्च भैरव मंदिर से प्रारंभ होकर तिगैलिया, टाउन हॉल, बड़ा बाजार, पटवा तिराहा, किला चौक, दारूगर की पुलिया, बिहारी जी मंदिर तिगैलिया, भैरव मंदिर, राजगढ़ चौराहा, सीता सागर, पुरानी कलेक्ट्रेट, सिविल लाइन और झांसी चुंगी पुल होते हुए पुलिस लाइन दतिया पहुंचकर संपन्न हुआ।

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विधानसभा उप निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। इसी तरह बसई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीत सिंह चावला, थाना प्रभारी विवेक राय ने फ्लैगमार्च निकाला।

## कांग्रेस के समर्थन में किया सुग्रीव ने मांगे वोट



**दतिया, 29 जुलाई।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं किसान नेता सुग्रीव सिंह कुशवाहा ने सघन जनसंपर्क कर हजारों मतों से जिताने की अपील की। कांग्रेस पार्टी द्वारा सुग्रीव सिंह कुशवाहा को ग्राम घूघसी, ओरिना खिरिया एवं सिजोरा ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने उक्त ग्राम पंचायतों में लगातार जनसंपर्क किया। इस दौरान दोपहिया एवं चार पहिया वाहन रैली भी निकाली गई, साथ ही शहरी क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर सुग्रीव सिंह कुशवाहा ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी के आतंक का अंत करना है तो 30 तारीख को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं की एक ही शिकायत सामने आई कि उन्होंने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि भयमुक्त होना है तो कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के समर्थन में वोट करें। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ संगम रावत, मानवेंद्र ठाकुर, रवि रावत, सुरेंद्र कमरिया, गोविंद सिंह पटेल, मुन्ना कुशवाहा, कल्लू कुशवाहा खिरिया, चंदन सिंह चिराड, कोक सिंह रावत, मोहन मिस्त्री, पुष्पेंद्र सेन, अमजद खान, रफीक खान, किशोर रावत, अरविंद परमार, निलेश चिराग, संजय बुंदेला, अनूप बाबा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मतदाता ईपिक कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**दतिया, 29 जुलाई।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यदि किसी मतदाता के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र ईपिक कार्ड उपलब्ध नहीं है, तो वह मतदान के समय आयोग द्वारा मान्य 13 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। मान्य पहचान पत्रों में 1. फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र, 2. आधार कार्ड, 3. पैनकार्ड, 4. ड्राईविंग लाईसेंस, 5. पेंशन दस्तावेज, 6. स्वास्थ्य बीमा, 7. स्मार्ट कार्ड, 8. फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, 9. सांसद / विधायक को जारी अधिकारिक पहचान पत्र, 10. विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र, 11. मनरेगा जांब कार्ड, 12. भारतीय पासपोर्ट, 13. फोटोयुक्त बैक / पोस्ट आफिस पासबुक शामिल है। निर्वाचन आयोग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि मतदान के दिन इनमें से कोई भी मान्य फोटो पहचान पत्र साथ लेकर मतदान केंद्र पहुंचें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# प्रत्येक सेक्टर अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से करें कार्य : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 जुलाई।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक विजय भारती, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े तथा पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल की अध्यक्षता में सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन संबंधी दायित्वों के प्रभावी निर्वहन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रभावी कम्युनिकेशन ही सफल प्रबंधन की कुंजी है। सभी अधिकारी अपने कम्युनिकेशन प्लान, रूट चार्ट एवं कंट्रोल रूम के संपर्क विवरण सदैव उपलब्ध रखें तथा किसी भी स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सतर्कता, समन्वय एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का पूर्व भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा सुरक्षा बल के साथ नियमित फ्लैग मार्च एवं क्षेत्र भ्रमण करें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समय पर स्ट्रांग रूम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा स्ट्रांग रूम से मतदान दलों की रवानगी से लेकर मतदान सामग्री की सुरक्षित वापसी तक पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदान दिवस पर प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत या समस्या की तत्काल जानकारी कंट्रोल रूम एवं वरिष्ठ अधिकारियों को दें, ताकि उसका शीघ्र निराकरण किया जा सके। प्रत्येक सेक्टर अधिकारी के साथ एक मास्टर ट्रेनर भी रहेगा। साथ ही निर्देश दिए गए कि जब तक संबंधित मतदान दल अपने क्षेत्र से प्रस्थान नहीं कर जाता, तब तक कोई भी सेक्टर अधिकारी किसी भी परिस्थिति में अपने कार्यस्थल को नहीं छोड़ेगा। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल ने कहा कि सभी पुलिस सेक्टर अधिकारी कानून-व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। किसी भी प्रकार की घटना या समस्या की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना, वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें तथा त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र के स्थानीय थाना प्रभारी एवं आवश्यक संपर्क नंबर सदैव अपने साथ रखने के निर्देश दिए।



## चौधरी निवास पहुंचकर पूर्व गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने व्यक्त की शोक संवेदना

**दतिया, 29 जुलाई।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने थरेट भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी के निवास पर पहुंचकर परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। विगत सप्ताह भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी के पूज्य पिताजी स्वर्गीय बाबूलाल चौधरी का असमयिक निधन हो गया था शोक समाचार मिलने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा थरेट पहुंचे और शोकाकुल परिवार के बीच बैठकर उन्हें ढांढस बंधाया पूर्व गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राघवेंद्र शर्मा पूर्व सांसद अशोक अर्गल लहार विधायक अमरीश गुड्डू शर्मा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा डॉ विवेक मिश्रा मेघसिंह गुर्जर मंडल अध्यक्ष देवेश चौधरी मंडल अध्यक्ष मुकेश लल्ला चौधरी मंडल अध्यक्ष शिवम धाकड़ बलदेव राज बल्लू कुमकुम रावत विजय झंडा गुरु सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# 2 लाख 20 हजार 410 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

**जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पत्रकारों से हुए रूबरू**

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 जुलाई।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन 2026 की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। दतिया विधानसभा के 291 मतदाता केन्द्रों पर कुल 2 लाख 20 हजार 410 मतदाता जिसमें 1 लाख 16 हजार 116 पुरूष, 1 लाख 4 हजार 284 महिला एवं अन्य 10 मतदाता 30 जुलाई 2026 मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दतिया में 291 मतदान केन्द्रों में 185 ग्रामीण मतदान केन्द्र एवं 106 शहरी मतदान केन्द्र शामिल है। जिसमें 233 क्रिटिकल एवं 28 बल्नरेबल मतदान केनद्र शामिल है। सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र को 36 सेक्टरों में बांटकर 36 सेक्टर ऑफीसर नियुक्त किए गए है। यह जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखड़े द्वारा आज न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल सहित पत्रकारगण व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वानखड़े ने बताया कि निर्वाचन के दौरान दतिया में एक पिंक मतदान केन्द्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कक्ष क्र. 2 में एवं एक आदर्श मतदान केन्द्र नवीन खनिज कार्यालय दतिया में स्थापित किया गया है। इसी प्रकार दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप एवं व्हीलचेयर व्यवस्था युक्त मतदान केन्द्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के कक्ष क्रमांक 3 में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान 1280 मतदान कर्मी एवं 215 माईक्रो आब्जर्बर निष्पक्ष मतदान कराने में तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के दतिया के बार्डर पर 12 अंतर्राज्यीय नाके स्थापित है। जिन पर 24 घंटे पुलिस एवं प्रशासन तैनात है। प्रत्येक आने- जाने वाले वाहनों की चैकिंग की जा रही है। मतदान के दौरान या मतदान से पूर्व किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत हेतु कंट्रोल रूम स्थापित है जिसमें 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम का नम्बर 8305199022 रखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दतिया जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान कराने के उद्देश्य से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। निर्वाचन के दौरान सीआरपीएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ पुलिस बल, एसएएफ जवान, डीईएफजवान, होमगार्ड जवान, एसपीओ के जवान निर्वाचन के दौरान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मना गुरु पूर्णिमा उत्सव

**दतिया, 29 जुलाई।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर बुंदेला नगर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया अतिथियों का परिचय रामकुमार दुबे द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अध्यक्ष उपसमिति पुरनचंद शर्मा एवं प्राचार्य संतोष दुबे मंच पर उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आदित्य सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर मुड़ियन का कुंआ दतिया में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य सुरेश रावत उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार पाण्डेय ने कराया और अतिथियों का स्वागत विद्यालय के इकाई प्रमुख राकेश कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार सेन आचार्य एवं चन्द्रभान सिंह दांगी ने किया। संचालन एवं आभार व्यक्त श्रीमती छाया गुप्ता दीदी ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती आद्या सक्सैना, श्रीमती शशि झा, श्रीमती साधना यादव, श्रीमती रोशनी भार्गव, श्रीमती नीतू गुप्ता, श्रीमती प्रियंका तिवारी, कु. प्रियंका यादव एवं सूरज ताम्रकार, जगतपाल एवं शिशु सेवक ठाकुर दास कुशवाहा, श्रीमती रंजना रावत उपस्थित रही।



# बच्चे स्कूल से शिक्षा के साथ सेवा भाव संस्कार सीखते हैं : अग्रवाल

**दतिया, 29 जुलाई।** बुधवार को भारतीयम् विद्यापीठ विद्यालय भारतीयम् विद्यापीठ विद्यालय में गरिमामयी इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रुप में विद्यालय के चेयरमैन सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप विद्यालय डायरेक्टर सागर अग्रवाल उपस्थित, रहे। कार्यक्रम का शुभांरम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्य जितेंद्र जायसवाल ने किया तथा मुख्य अतिथियों को परेड द्वारा सलामी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा आर्कषक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





मुख्य अतिथि द्वारा छात्र संघ के पदाधिकारियों को बैचेस लगाए जिसमें हेड बॉय देव यादव कक्षा 12 वीं एवं हेड गर्ल लाडली यादव कक्षा 12वीं, स्पोंट कैप्टन शैंकी बुंदेला कक्षा 12 वीं तथा स्कूल लिटरेसी हेड अंकित कुशवाहा कक्षा 12वीं, स्कूल अनुशासन हेड सोहनी महेश्वरी कक्षा 12 वीं व अन्य पदाधिकारी भी चुने गये और उनके उन्हें दायित्व सौंपे गए। सभी पदाधिकारियों विद्यालय की संयोजक समन्वयकर्ता श्रीमती सोनम मंसूरी ने उन्हे अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से निभाने की शपथ दिलाई। विद्यालय के चेयरमैन सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है और बच्चे स्कूल से शिक्षा के साथ सेवा भाव संस्कार एवं कार्य के प्रति जिम्मेदारी इत्यादि बहुत कुछ सीखते है और बच्चों को अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए एवं पद की गरिमा एवं उसके महत्व को यहीं से सीखना और समझना चाहिए। अंत में विद्यालय के जितेंद्र जायसवाल ने सभी का आभार जताया।